दिन– सोमवार | दिनांक– 27 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है लोक आस्था का महापर्व छठ। व्रती आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

03. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एग्ज़िट पोल के प्रदर्शन पर रोक लगायी।

04. और, जदयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के कारण विधायक गोपाल मंडल समेत पांच और नेताओं को दल से निष्कासित किया।

---

लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। पूरा वातावरण छठ गीतों से गुंजायमान है।

–––म्यूजिक–––

प्रदेश में गंगा, गंडक, कोसी, महानंदा, बागमती सहित विभिन्न नदियों के किनारे छठ घाटों का निर्माण किया गया है और इन्हें आकर्षक ढंग से सजाया गया है। छठ को लेकर पूरे प्रदेश में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। श्रद्धालु भगवान भास्कर और छठी मईया की आराधना में लीन है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से––

–––बाईट–––

लाखों की संख्या में छठ व्रती आज डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। राजधानी पटना में गंगा नदी किनारे विभिन्न छठ घाटों पर पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना जिले और आसपास के क्षेत्रों से पूजा करने पहुंचते हैं। इसे देखते हुए गंगा नदी किनारे बने 78 घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। छठ घाट पर बैरिकेडिंग की गई है और गोताखोरों तथा एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। कल सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा । इधर प्रदेश के विभिन्न प्रसिद्ध सूर्य मंदिरो, औरंगाबाद के देव पटना के ओलार्क, नालंदा के ओंगारीधाम और नवादा जिले के हरिया सूर्य मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे हुए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न छठ घाटों पर मतदाता जागरूकता के संदेश दिए जा रहे हैं और लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेने की अपील की जा रही है धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि तालाबों, पोखरों के किनारे भी घाट बनाये गये हैं। व्रत कर रहे कई लोगों ने अपने घरों के बाहर तथा छतों पर भी अस्थायी जलाशय बनाकर अर्घ्य देने की तैयारी की है। छठ के लिए फल और पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर बाजारों में लोगों का हुजुम उमड़ रहा है। इधर, औरंगाबाद जिले के

ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्थल देव में चार दिवसीय कार्तिक छठ मेला में छठव्रतियों और श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

महापर्व छठ के अवसर पर जिले के देव स्थित त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। प्रदेश और प्रदेश के बाहर से पहुंचे श्रद्धाल आज सांध्यकालिन अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। देव छठ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं और छठव्रतियों की सुविधा के लिए बिजली, पानी स्वास्थ्य सुरक्षा परिवहन, आवास आदि के बेहतर प्रबंध किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

छठ के अवसर पर नालंदा के एतिहासिक बड़गांव सूर्य मंदिर में व्रतियों का जनसैलाब उमड़ रहा है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से।

–––बाईट–––

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नालंदा के बड़गांव में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूरा इलाका छठी मईया के गीतों से गूंज रहा है। देश–विदेश से हजारों श्रद्धालु भी छठ मनाने के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। श्रद्धालु छठ प्रसाद बनाने में पवित्र सूर्य तालाब के जल का प्रयोग करते हैं। और 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना करते हैं। भक्ति और श्रद्धा के साथ छठवर्ती महिलाएं आज बड़गांव सूरज तालाब में डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। इधर, जिला प्रशासन ने छठ को लेकर घाटों की साफ–सफाई और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है.सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी नालंदा पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं.। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर नहर और तिरसुलिया छठ घाट पर मतदाता जागरूकता के साथ भास्कर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिर्पाट–––

कला, संस्कृति और युवा विभाग तथा जिला प्रशासन आज नहर छठ घाट  और तिरसुलिया छठ घाट पर भास्कर महोत्सव का भव्य आयोजन कर रहा है । इसका उद्देश्य है छठ महापर्व की पवित्र परंपरा, लोक संस्कृति और महीमा के साथ ही चुनाव में जनभागीदारी को बढ़ावा देने का संदेश देना है। स्थानीय कलाकार लोकगीत, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के ज़रिये छठ की महीमा प्रस्तुत करेंगे । साथ ही मतदाता जागरूकता का भी संदेश दिया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

---

छठ महापर्व के अवसर पर सांध्यकालीन अर्घ्य और प्रातकालीन अर्घ्य का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी, पटना से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य का आंखों देखा हाल आज पटना में गंगा नदी के दीघा घाट से शाम चार बजे से शाम साढे पांच बजे तक प्रसारित किया जायेगा। वहीं, प्रातःकालीन अर्घ्य का आंखों देखा हाल कल भागलपुर के गंगा तट से सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े छह बजे तक आकाशवाणी के भागलपुर केंद्र द्वारा किया जायेगा।

संध्याकालीन अर्घ्य के जीवंत प्रसारण के कारण आज शाम चार बजे और शाम पांच बजे आकाशवाणी के रेनबो चैनल पर नियमित चुनाव बुलेटिन का प्रसारण नहीं होगा।

---

छठ पर्व को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राज्य के सभी प्रमुख सूर्य मंदिरों और गंगा–गंडक सहित अन्य नदी घाटों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। छठ घाटों पर पुलिस बलों के साथ–साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की भी तैनाती की गयी है। इसके अलावा छठ घाटों पर प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय, शुद्ध पेयजल और पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इधर, एहतियात के तौर पर गंगा समेत विभिन्न नदियों में छठ घाटों पर आज से लेकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने तक निजी नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज पटना में दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे तक कई मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। वहीं, प्रातः कालीन अर्घ्य के दौरान भी आज रात दो बजे से सुबह आठ बजे तक कई मार्गों पर सामान्य वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। आज सुबह ग्यारह बजे से रात आठ बजे तक अटल पथ से जे.पी. सेतु सोनपुर की ओर सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, कारगिल चौक से दीदारगंज तक अशोक राजपथ पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। गाय घाट पुल के नीचे आज दोपहर बारह बजे से कल सुबह दस बजे तक व्यवासायिक वाहनों का परिचालन नहीं होगा।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को छठ पर्व की शुभकानाएं दी है।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिये प्रचार तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो नवम्बर को पटना में रोड शो करेंगे। भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इससे पहले श्री मोदी तीस अक्टूबर को छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनतीस अक्टूबर से दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे लोक गायिका मैथिली ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जन सभाएं करेंगे।

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी उनतीस अक्टूबर को मुजफ्फरपुर के सकरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रियंका गांधी अट्ठाईस अक्टूबर को पटना में

विभिन्न चुनावी सभा में भाग लेंगी। वहीं, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल सारण जिले के मांझी, मढौरा, अमनौर, गरखा समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, महागठबंधन में घोषणा पत्र पर सहमति बन गयी है। सूत्रों के अनुसार कल पटना में इसे जारी किये जाने की सम्भावनाएं हैं।

---

भाकपा माले ने अपना परिवर्तन संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी के महासचिव दीपंकर भट्टार्य ने कल पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों, वंचित समुदाय, किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज बनकर वे सत्ता की अन्यायपूर्ण दीवार को चुनौती देंगे।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उप–चुनावों के संदर्भ में अड़तालीस घंटे की मौन अवधि के दौरान, चुनावी मामलों के प्रदर्शन और एग्जिट पोल पर रोक लगाने के लिए सभी मीडिया प्लेटफॉर्म और प्रसारकों को परामर्श जारी किया है।

–––रिपोर्ट–––

आयोग ने कहा कि टीवी, रेडियो चैनल और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 48 घंटे की मौन अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की सामग्री में ऐसा कुछ न हो, जिसे किसी विशेष पार्टी या उम्मीदवार को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। आयोग ने कहा कि एग्जिट पोल का संचालन और प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनके परिणामों का प्रसार 6 नवंबर को सुबह 7 बजे से 11 नवंबर को शाम साढे छह बजे के बीच प्रतिबंधित है। आरजू की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

---

जदयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के कारण विधायक गोपाल मंडल समेत पांच नेताओं को तत्काल प्रभाव से दल से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महासिचव चंदन कुमार सिंह की ओर से जारी पत्र के अनुसार पूर्व मंत्री हेमराज सिंह, पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह, पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव और प्रभात किरण को निष्कातिस किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले पूर्व मंत्री शैलेश कुमार समेत ग्यारह नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

---

छठ महापर्व के अवसर पर मधुबनी की स्वीप यौद्धा प्रेरणा कुमारी ने गीत के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की है।

–––अपील गीत–––

---

राजद सांसद सुधाकर सिंह ने महागठबंधन की एकजुटता का दावा किया है। उन्होंने डिहरी में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो राज्य में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं होने दिया जाएगा।

---

खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी की उम्मीदवार जयंती पटेल ने राजद प्रत्याशी के समर्थकों पर अपने प्रचार वाहन में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला प्रशासन और चुनाव आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने छठ महापर्व से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– महापर्वः सांध्यकालीन अर्घ्य आज।

दैनिक भास्कर ने पटना कलम शैली में छठ की अनमोल पेंटिंग को प्रकाशित करते हुये लिखा है– आस्था, आरोग्य, अनुशासन का पर्व छठ लोक परंपरा से आगे बढ़कर शोध और अर्थव्यवस्था तक पहुंचा।

प्रभात खबर राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हवाले से लिखता है– पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय, भत्ता दोगुना करेंगे।

दैनिक जागरण ने मौसम को लेकर लिखा है– छठ पर होगा कोहरा, छाये रहेंगे बादल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है लोक आस्था का महापर्व छठ। व्रती आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

03. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एग्ज़िट पोल के प्रदर्शन पर रोक लगायी।

04. और, जदयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के कारण विधायक गोपाल मंडल समेत पांच और नेताओं को दल से निष्कासित किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।